अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 25 सितंबर 2017

amarujala.com

PAGE NO.: 13 TOP MIDDLE

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगा इलाज

मरीजों को दौड़ लगाने से बचाएगी एसआरएमएस की टेलीमेडिसिन बस

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

भैरपुर गांव के लोगों को अब इलाज के लिए बार-बार अस्पताल नहीं दौड़ना पड़ेगा। एसआरएमएस मेडिकल इंस्टीट्यूट की ओर से टेलीमेडिसिन ई हेल्थ सेंटर के लिए इस गांव को चुना गया है। यहां सेंटर पर ही वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए डॉक्टर मरीजों का इलाज करेंगे। उनकी जांच और सैंपल सॉफ्टवेयर पर अपलोड हो जाएंगी। मरीजों को डॉक्टर से मिलने अस्पताल नहीं आना होगा।

शनिवार को यह सेवा ग्रामीणों को समर्पित कर दी गई। टेलीमेडिसिन सेंटर में वीडियो कांफ्रेसिंग से मेडिकल एक्सपर्ट रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श और रेफरल सेवा उपलब्ध कराएंगे। इस तकनीकी सिस्टम को एचपी

एसआरएमएस की टेलीमेडिसिन सेवा में हैं कई खूबियां।

(ह्यूलेट पैकर्ड) इंटरप्राइजेज चलाएगा। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर (इंडिया) सोम सत्संगी के मुताबिक, देश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की बहुत जरूरत है, टेलीमेडिसिन सेंटर और बस इस कमी को पूरा करेंगे। एसआरएमएस के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि सेंटर पर आने वाले प्रत्येक मरीज का पूरा विवरण, उनका नाम, उम्र, पता, बायोमैट्रिक, वेब फोटो, पल्स, ब्लडप्रेशर, तापमान, जांच, डाइग्नोसिस, उपचार और औषधि का विवरण इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकार्ड से सुरक्षित रखा जाएगा। एसआरएमएस के टेलीमेडिसिन स्टूडियो में बैठे विशेषज्ञ परामर्श देंगे। सेंटर पर ईसीजी, स्पायरोमेट्री, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन जांच होगी। 150 जेनेरिक दवाइयां भी यहां निःशुल्क उपलब्ध कराई गई हैं।